16/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री मोदी नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर नाइजीरिया जाएंगे। यह 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा होगी। नाइजीरिया से प्रधानमंत्री मोदी इस महीने की 18 तारीख को ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 ट्रोइका का हिस्सा है और चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन की चर्चाओं में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।

0000000000000000000000

16 नवंबर, 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में आज पूरे देश में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। भारतीय प्रेस परिषद एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और पत्रकारिता के मानकों को बनाए रखने और सुधारने के लिए की गई थी। आज अरुणाचल प्रेस क्लब, ईटानगर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने प्रेस के सदस्यों और राज्य तथा देश के रिपोर्टिंग समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रेस क्लब में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क तथा मुद्रण मंत्री न्यातो दुकम ने मीडिया समुदाय से मीडिया नैतिकता का पालन करने और समुदाय के हित और उद्देश्य के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज हाथ में स्मार्ट फोन होने पर कोई भी व्यक्ति पत्रकारिता क्या है और पत्रकार क्या है, इसकी तकनीकी जानकारी के बिना रिपोर्टिंग करना शुरू कर देता है, जिससे समाज में अव्यवस्था पैदा होने की संभावना है। इस संस्कृति के चलते उन्होंने राज्य में मीडिया नियामक बोर्ड बनाने पर जोर दिया। समारोह में राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बयूरम वाघे ने मीडिया से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार और जागरूकता पैदा करने की अपील की। इस अवसर पर अरुणाचल प्रेस क्लब और अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स ने विभिन्न श्रेणियों के तहत पत्रकारों को वी रवींद्रन और तारो चातुंग उत्कृष्टता पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किए।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल 43वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले, नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश मंडप का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से बातचीत कर उनसे अगले साल और भी बड़ी भागीदारी के लिए अपने व्यवसाय का विस्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के दूरदराज के गांवों के उद्यमियों द्वारा उत्पादित किए जा रहे विभिन्न उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में व्यापार मेले में उद्यमियों के एक समूह को एक छत्र के नीचे लाने के लिए पहली बार राज्य मंडप आयोजित करने के लिए राज्य के व्यापार और वाणिज्य विभाग की सराहना की।

0000000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव के तहत अरुणाचल रंग महोत्सव, 22 नवंबर से 5 दिसंबर तक ईटानगर में शुरू होगा। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी, जिनमें अरुणाचल में विकसित 8 स्थानीय, 12 राष्ट्रीय, 5 अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियाँ और ओपन कॉल के माध्यम से चुनी गई 8 प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और अंतर्राष्ट्रीय थिएटर जैसे प्रसिद्ध संस्थान भाग लेंगे।

000000000000000000000

भारतीय सेना के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए, जसवंत गढ़ युद्ध स्मारक और न्युकमादुंग युद्ध स्मारक पर अगले 17 और 18 नवंबर को स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये कार्यक्रम 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एकजुट होकर खड़े हुए वीर सैनिकों और दृढ़ स्थानीय नागरिकों का सम्मान हैं, जो बहादुरी और एकता की विरासत का प्रतीक है।

000000000000000000

सेप्पा जिला अस्पताल में हुई घटना के मद्देनजर कल जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, ईस्ट कामेंग सामाजिक कल्याण एवं सांस्कृतिक संगठन और छात्र संगठन ने संयुक्त बैठक की। बैठक के दौरान जिला उपायुक्त हिमांशु निगम ने क्षेत्र में सुरक्षा उपाय बढ़ाने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के इरादे से मजबूत चार्जशीट तैयार करने के लिए सक्रिय रूप से सबूत जुटा रही है।

0000000000000000000000

अरुणाचल साहित्य महोत्सव 2024 का छठा संस्करण कल डी. के. कन्वेंशन सेंटर संपन्न हुआ। अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव का उदघाटन राज्यपाल के. टी. परनाइक ने 13 नवंबर को किया था। इस महोत्सव में राज्य, क्षेत्र और देश भर के कई प्रसिद्ध लेखकों, कहानीकारों और कवियों के अलावा थाईलैंड से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान आयोजित वार्ता और प्रवचन सत्रों में राज्य के कई उत्साही लेखक और कवि सक्रिय रूप से शामिल हुए।

0000000000000000000000